14वीं विधानसभा, 10वाँ सत्र

प्रश्न सं. 6638

अतारांकित

प्रदेश में इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति हेतु गठित समिति

श्री संदीप शर्मा

प्रश्न

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा दिनांक 14 जुलाई, 2017 को इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक एवं विधिक पहलुओं की जांच हेतु समिति का गठन किया गया था ? यदि हां, तो समिति के सदस्यों के नाम सहित विवरण सदन के पटल पर रखें।

(2) क्या उक्त समिति की रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हो गई है ? यदि हां, तो कब व नहीं, तो अब रिपोर्ट कब तक प्राप्त हो जायेगी ? रिपोर्ट की प्रति सहित विवरण सदन की मेज पर रखें।

उत्तर-

(1) इलैक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति के वैज्ञानिक एवं विधिक पहलुओं की जांच हेतु एक समिति को गठन सरकार द्वारा दिनांक 14.07.2017 को किया गया हैं। समिति के सदस्यों का विवरण निम्नानुसार हैः

1. प्रोफेसर बी.आर.छीपा कुलपति श्री केशवानन्द कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर (अध्यक्ष)
2. प्रोफेसर धनजंय अग्रवाल, विभागाध्यक्ष नेफ्रोलॉजी विभाग, सवाई मानसिंह चिकित्सालय, जयपुर (सदस्य)
3. डॉ. रविन्द्र पालीवाल, प्रोफ़ेसर उद्यान विभाग एवं निदेशक (एच.आर.डी.) कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर, जयपुर (सदस्य)
4. वैद्य श्री राम तिवाड़ी विशेषाधिकारी, आयुर्वेद एवं भारतीय चिकित्सा विभाग, जयपुर (सदस्य सचिव)

(2) जी हाँ। दिनांक 27.09.2017 को रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हुई है। रिपोर्ट की प्रति परिशिष्ट अ पर संलग्न है।